Regarding need to provide basic civic amenities in residential colonies of North Delhi-Laid

श्रीयोगेन्द्रचांदोलिया(उत्तर-पश्चिमदिल्ली) :देश की राजधानी दिल्ली के रजापुर कलां कॉलोनी, भोरगढ़, नरेला, उत्तरी दिल्ली-110040 में निवासियों के लिए बिजली, पेयजल, सीवेज, सड़क और शौचालय ब्लॉक जैसी बुनियादी सुविधाएं पिछले 48 वर्षों से न होने के कारण वहाँ के निवासी नरक जैसा जीवन जी रहें हैं।लगभग 200 परिवार पिछले 48 वर्षों से बिजली, पानी, सीवेज और पुरुषों और महिलाओं के लिए शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं के बिना रह रहे हैं।भारत सरकार द्वारा 20 सूत्री कार्यक्रम के तहत 1976 में निवासियों को भूखंड आवंटित किए गए थे। यहाँ के निवासी पिछले 48 वर्षों से बिजली, पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं।बिजली कंपनी TPDDL के द्वारा बिजली के खंभे बहुत पहले लगाए गए थे परंतु उनपर विद्युत आपूर्ति आज तक नहीं हैं। यहाँ के लोग आज भी लालटेन जलाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। महिलाएं पड़ोस के खेतों मे शौच के लिए मजबूर हैं। यह अस्वीकार्य है कि यहाँ के नागरिकों को दशकों से बुनियादी आवश्यकताओं से वंचित रखा गया है।रजापुर कलां कॉलोनी के निवासियों के लिए बिजली कनेक्शन, पेयजल, सीवेज कनेक्शन और शौचालय आदि बुनियादी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश जारी करें।